समाचार
घुड़सवारी कार्यक्रम का शुभारंभ किया महापौर ने
(जेसीरेट द्वारा स्टेडियम में दिया जा रहा प्रशिक्षण)

कोरबा 28 अप्रैल 2016 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम टी.पी.नगर कोरबा में आयोजित घुड़सवारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का 27 अप्रैल को फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होने प्रशिक्षणार्थियों को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा जेसीरेट के इस प्रयास के लिए संस्था की प्रशंसा की।

जेसीआई की महिला विंग जेसीरेट के द्वारा कोरबा टी.पी.नगर स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में घुड़सवारी का प्रशिक्षण आयोजित कर बच्चों को घुड़सवारी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, 15 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग 30 बच्चे घुड़सवारी का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कराया तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा जेसीरेट के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए जेसीरेट पदाधिकारियों व सदस्यो को बधाई देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, समाज सेविका मंगल बुधिया, पूर्णिमा सोनी, सुरेश चावलानी आदि के साथ जेसीरेट की पदाधिकारी व सदस्यगण, प्रशिक्षणार्थी बच्चें, महिलाएं व प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।